<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–09.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम की गोली मारकर हत्या, डीजीपी ने एटीएस को सौंपी जांच की जिम्मेदारी।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना की राशि महिला लाभुको के खाते में जाने पर जताई खुशी कहा–परिवार की खुशियां बढ़ाएं।
3. बोकारो जिले के राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद 10 किलोमीटर के दायरे में मुर्गे और अंडे की बिक्री पर लगी रोक।
4. राजधानी रांची समेत राज्यभर के न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर अठारह लाख सत्तर हजार से अधिक मामलों का हुआ निपटारा।
5. लोहरदगा में खेले गए टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जेएससीए ने कोलकाता को 56 रनों से हराकर चैंपियनशिप का जीता खिताब।

*****************

हजारीबाग में एनटीपीसी के पदाधिकारी कुमार गौरव की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। इस मामले में डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर एटीएस की टीम जांच में जुट गई है। इस घटना को बाइक सवार दो अपराधियों ने अंजाम दिया है। बोकारो रेंज के आईजी एस माइकल राज ने हजारीबाग में वरीय पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर घटना की विस्तृत जानकारी ली।

*****************

श्रम मंत्रालय ने ऑनलाइन माध्यम से किसी भी संगठन के साथ काम करने वाले श्रमिकों से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना–एबीपीएमजेवाई का लाभ उठाने के लिए ई–श्रम पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करने का अनुरोध किया है। एबी–पीएमजेवाई योजना देश के 31 हजार से अधिक सार्वजनिक और निजी पैनलबद्ध अस्पतालों में द्वितीय और तृतीय श्रेणी के स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना की राशि महिला लाभुको के खाते में जाने पर जताई खुशी जताई। उन्होंने कहा कि आने वाले पर्व त्योहारों पर इस सम्मान राशि का उपयोग कर परिवार की खुशियां बढ़ाएंगे।

फर्जीवाड़ा रोकने के लिए योजना की पात्रता पर भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है। 37 लाख 55 हजार 233 लाभुकों का बैंक खाता आधार से लिंक्ड है।

*****************

बोकारो जिले के राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू–एवियन इन्फ्लूएंजा की पुष्टि हुई है। इसके बाद जिले के कई क्षेत्रों में मुर्गे और अंडे की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। यह जानकारी जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज मणी ने दी। एनआइएचएसएडी, भोपाल ने यहां से भेजे गए मुर्गियों के नमूनों में वायरस की पुष्टि की है। इसके बाद जिला प्रशासन ने एहतियात बरतनी शुरू कर दी है। संक्रमित मुर्गियों को मारकर दफनाया जा रहा है। साथ ही संबंधित क्षेत्र के 10 किलोमीटर के दायरे में इसके उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। विभाग ने इस स्थिति से निपटने के लिए रैपिड और क्विक रिस्पांस टीम भी बनाई हैं।

*****************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर अठारह लाख सत्तर हजार से अधिक मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं आठ सौ आठ करोड़ 50 लाख रुपये से अधिक की राशि का सेटलमेंट किया गया। झारखंड स्टेट लीजल सर्विसेज अथॉरिटी –झालका की ओर से आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए दो सौ चौरानबे बेंच का गठन किया गया था।

गिरिडीह व्यवहार न्यायालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर 75 हजार सात सौ दस मामलों का निष्पादन किया गया।

इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत उन पक्षकारों के लिए संजीवनी के समान है, जो अपने वादों का शीघ्र और आपसी सहमति से समाधान चाहते हैं।

उधर लोहरदगा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर एक हजार दो सौ सोलह मामलों का निपटारा किया गया। सिविल कोर्ट परिसर में किया गया।

*****************

झारखंड के प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू इन दिनों राज्य के दौरे पर हैं। इसी क्रम गोला पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

*****************

खूंटी के कचहरी मैदान में दो दिवसीय कृषि उद्यान मेला का समापन हो गया। मेले में कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई इस मौके पर खूंटी उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि मेले में किसान नई नई तकनीकों की जानकारी ली।

*****************

उत्तर प्रदेश के नोएडा में भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से आयोजित 38वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में गुमला की शुभांगी क्षितिजा सौरव ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने क्षेत्र और राज्य का गौरव बढ़ाया है।

*****************

गिरिडीह जिले में होली को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर गिरिडीह नगर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद ने की। नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार को होली है और रमजान के दूसरे जुम्मे को लेकर पुलिस मुस्तैद है और लोगों से आपसी भाइचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई है।

*****************

देवघर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के रिखिया बाइपास सड़क पर एक कार पर सवार सशस्त्र अपराधियों ने बकरी लदे पिकअप वैन के चालक को गोली मारकर 55 हजार रूपये लूट लिये।

*****************

मौसम विभाग ने राज्यभर में अगले चार दिनों के दौरान पांच डिग्री सेल्सियस तक तापमान में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान जताया है। वहीं आज राज्य के द क्षिणी भागों में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान राज्य में सरायकेला का अधिकतम तापमाना सबसे अधिक सैंतीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान खूंटी का नौ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

*****************

दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। भारत ने इस टूर्नामेंट में अभी तक सभी मैच जीते हैं और ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया था।

*****************

लोहरदगा के बीएस कॉलेज स्टेडियम में आयोजित चार दिवसीय स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जेएससीए की टीम ने कोलकाता को 56 रन से हरा कर खिताब पर कब्जा जमा लिया है। फाइनल मैच में अतिथि के रूप में पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह और सुरेश रैना के अलावा झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी के राजू मौजूद रहे।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्या और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जानेवाले फाइनल मैच की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर लिखत है– हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की गोली मारकर हत्या।

हिंदुस्तान के शब्द हैं– हजारीबाग में एनटीपीसी डीजीएम की सरेराह हत्या।

दैनिक जागरण लिखता है– रंगदारी के लिए हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी एनटीपीसी के अधिकारी की हत्या की खबर को पहले पन्न की सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की खबर को प्रमुखता दी है जिसका शीर्षक है–भारत का वी पावर दिलाएगा तीसरी बार खिताब।

हिंदुस्तान टाइम्स ने भी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

***********************